पत्र संख्या –26 / विविध–04–03 / 2026 ............................ /

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

**आदेश**

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, भागलपुर परिक्षेत्राधीन सिंचाई प्रमंडल, बांका अंतर्गत "ओढ़नी डैम तक पहुँचपथ का दोहरीकरण कार्य" एकरारनामा सं0–02SBD/2025-26 दिनांक–29.05.2025 के तहत संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0 को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि–28.05.2026 थी।

2. कार्य को ससमय पूर्ण कराने हेतु क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से संवेदक को कार्य स्थल पर मशीनरी एवं श्रमबल बढ़ाकर ससमय कार्य पूर्ण कराने के लिए निदेशित किया गया, इसके बावजूद संवेदक द्वारा कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। इतने महत्वपूर्ण कार्य को ससमय पूर्ण कराने में संवेदक द्वारा अभिरूचि नहीं लिया जाना कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं कर्तव्यहीनता को परिलक्षित करता है।

कार्य में शिथिलता बरतने एवं कार्य को ससमय पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, भागलपुर के पत्रांक–287 दिनांक–16.01.2026 द्वारा संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0 को डिबार करने की अनुशंसा की गयी।

3. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, भागलपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–727 दिनांक–06.02.2026 द्वारा संवेदक से कारण पृच्छा की गयी। तदालोक में संवेदक के पत्रांक–JAMUI/PCPL/2025-26/113 दिनांक–13.02.2026 द्वारा कारण पृच्छा प्रत्युत्तर समर्पित किया गया, जिसकी समीक्षा यो0 एवं मो0 अंचल–03 से करायी गयी। समीक्षोपरांत संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, जमुई को दोषी मानते हुए उनके कारण पृच्छा प्रत्युत्तर को अमान्य कर दिया गया एवं मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई करने का मंतव्य दिया गया।

उक्त से स्पष्ट है कि विभागीय पदाधिकारियों द्वारा बार–बार निदेशित किये जाने के बावजूद भी कार्य पूर्ण करने का सम्यक प्रयास संवेदक द्वारा नहीं किया गया, जो कार्य के प्रति लापरवाहीं एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है।

अतः मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, भागलपुर से प्राप्त प्रतिवेदन एवं यो0 एवं मो0 अंचल–03 द्वारा की गयी समीक्षा के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम 11 (क) के कंडिका–(ii) के तहत संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, ग्राम–पंचानंद सिंह चौक, महिसौड़ी, पो0–जमुई, जिला–जमुई (बिहार) पिन–811307 को इस कार्य के पूर्ण होने तक डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित / डिबार किया जाता है।

ह0 / –
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञापांक : 26 / विविध–04–03 / 2026 पटना / दिनांक :..............................

प्रतिलिपिः– संवेदक मेसर्स पाईशिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, ग्राम–पंचानंद सिंह चौक, महिसौड़ी, पो0–जमुई, जिला–जमुई (बिहार) पिन–811307 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–04–03 / 2026 पटना, दिनांक :..............................

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग / पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–04–03 / 2026 पटना, दिनांक :..............................

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना / सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग / सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग / अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना / अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना / निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–04–03 / 2026 पटना, दिनांक :..............................

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, भागलपुर के पत्रांक–287 दिनांक–16.01.2026 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–04–03 / 2026 3609 पटना, दिनांक : 02/07/2026

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।